प्रेषक,

उप जिलाधिकारी,
ऋषिकेश।

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व),
देहरादून।

संख्या– 296 /एस0टी0–2016 दिनांक: 31.08.2016

विषय:– देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश में परिवहन विभाग की ओटोमैटेड टेस्टिंग लेन हेतु 4.02है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–3137/नियोजन/13–113/2016 दिनांक 06 अगस्त, 2016 जिसमें वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश में परिवहन विभाग की ओटोमैटेड टेस्टिंग लेन हेतु 4.02है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बंध में आख्या चाही गयी है।

उक्त सम्बंध में तहसीलदार, ऋषिकेश से जांच करायी गयी। तहसीलदार, ऋषिकेश ने अपनी जांच आख्या पत्र संख्या–797/र0का0–16 दिनांक 31.08.2016 के द्वारा ग्राम गडूल के मजरा इठारना भूमि खसरा नं0 86घ मि. रकवा 4.02है. हो ग्राम समाज गडूल के नाम से खारिज कर वन विभाग ऋषिकेश के नाम हस्तान्तरित किये जाने के सम्बंध में अपनी जांच आख्या इस कार्यालय में उपलब्ध करायी गयी है, जो मूल रूप में संलग्न कर सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(कुसुम चौहान)
उप जिलाधिकारी,
ऋषिकेश।